AADHAAR

RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 6.8.2018

Page No. 1, Size:(4.66)cms X (11.48)cms.

स्वार्थी तत्वों ने फैलाई आधार के खिलाफ अफवाह : UIDAI

■ नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने रविवार को कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों ने गूगल की एक भूल का दुरुपयोग कर आधार की छवि खराब करने और लोगों के बीच भय फैलाने का प्रयास किया है। प्राधिकरण का कहना है कि किसी फोन के कांटेक्ट की सूची में दर्ज नंबर के जरिये उस फोन की सूचनाएं नहीं चुराई जा सकती है।

प्राधिकरण ने कहा कि गूगल की एक गलती से उसका पुराना हेल्पलाइन नंबर 18003001947 कई मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं की कांटेक्ट सूची में आ गया था। अफवाह फैलाने वालों ने उसी को लेकर आधार की छवि खराब करने की कोशिश की। प्राधिकरण ने बयान में कहा कि वह ऐसे निहित स्वार्थी तत्वों के प्रयास की 'निंदा' करता है।